# डीएलएड स्पोर्ट्स कोटा की काउंसिलिंग पांच से

धर्मशाला। स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड सीईटी-2026) के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए खेल प्रमाण पत्रों के सत्यापन (स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन काउंसिलिंग) का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह काउंसिलिंग प्रक्रिया पांच और छह अगस्त को बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित की जाएगी। इस सत्यापन प्रक्रिया के लिए कुल 85 अभ्यर्थी पात्र पाए गए हैं, जिनकी रोल नंबर वार और तिथिवार सूची बोर्ड द्वारा जारी कर दी गई है। अभ्यर्थियों को डीएलएड सीईटी-2026 के प्रॉस्पेक्टस (पेज नंबर 13 से 14) में प्रकाशित नियमों के अनुसार संबंधित बायो-डाटा फॉर्म के साथ अपने खेल प्रमाण पत्रों, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा जाति व उपजाति से संबंधित प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रतियां संलग्न करके लानी होंगी। इसके अलावा, दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल प्रमाण पत्र (ओरिजिन सर्टिफिकेट) भी साथ लाना अनिवार्य किया गया है। खेल प्रमाण पत्रों के सत्यापन के पश्चात अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त स्पोर्ट्स अंकों को प्रवेश परीक्षा (सीईटी) के अंकों में जोड़कर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

दिव्य हिमाचल

Divya Himachal
Dharamsala+ Mera Kangra +Aastha
Sun, 02 August 2026

Amar Ujala:02-08-2026

# डीएलएड के लिए काउंसलिंग 5 अगस्त से, 85 अभ्यर्थी शार्टलिस्ट



**हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किया शेड्यूल**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड डीएलएड सीईटी-2026 के आधार पर स्पोर्ट्स कोटे की सीटें भरने के लिए 5 और 6 अगस्त को काउंसलिंग करेगा। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि काउंसलिंग प्रक्रिया सुबह साढ़े बजे से बोर्ड मुख्यालय में आयोजित होगी।

5 अगस्त के लिए 42 और 6 के लिए 43 अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए शार्टलिस्ट किया गया है। काउंसलिंग के लिए अभ्यर्थी बायो डाटा फार्म के साथ अपने स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति एवं उपजाति प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां साथ लाएं। वहीं, संबंधित मूल प्रमाण पत्रों को भी सत्यापन के लिए साथ लाना होगा। अभ्यर्थियों की ओर से प्राप्त स्पोर्ट्स सर्टिफिकेटों के अंकों के आधार पर अंतिम मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद ही उन्हें डीएलएड सत्र 2026-28 में सीटों के आवंटन से संबंधित प्रक्रिया की तिथियों को अलग से अधिसूचित किया जाएगा। संवाद

# डीएलएड में प्रवेश के लिए खिलाड़ियों के सर्टिफिकेट का सत्यापन 5 व 6 को

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार युवाओं के लिए शिक्षक बनने का सुनहरा मार्ग प्रशस्त हो गया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा डीएलएड सीईटी-2026 के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी के 85 पात्र अभ्यर्थियों के दस्तावेजों और खेल प्रमाणपत्रों का सत्यापन 5 एवं 6 अगस्त को किया जाएगा। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि ये काउंसलिंग प्रक्रिया धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित की जाएगी।

*HIMACHAL DASTAK: 02-08-2026*

# शिक्षा के मैदान में उतरेंगे 85 उत्कृष्ट खिलाड़ी: डी.एल.एड. में प्रवेश के लिए 5 और 6 अगस्त को होगा स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट का सत्यापन

**धर्मशाला, ( आपका फैसला )**। हिमाचल प्रदेश में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार युवाओं के लिए शिक्षक बनने का सुनहरा मार्ग प्रशस्त हो गया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा डी.एल.एड. सीईटी–2026 के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ी (Distinguished Sports Persons) श्रेणी के 85 पात्र अभ्यर्थियों के दस्तावेजों और खेल प्रमाण–पत्रों का सत्यापन 5 एवं 6 अगस्त, 2026 को किया जाएगा। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि यह काउंसलिंग प्रक्रिया धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित की जाएगी। जारी हुई तिथि और रोल नंबर–वार सूची बोर्ड अध्यक्ष डॉ. शर्मा के अनुसार, सभी 85 पात्र अभ्यर्थियों की तिथि–वार और रोल नंबर–वार सूची बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना में प्रकाशित कर दी गई है। सभी उम्मीदवारों को हिदायत दी गई है कि वे अपनी निर्धारित तिथि और समय पर अनिवार्य रूप से बोर्ड मुख्यालय में उपस्थिति दर्ज करवाएं ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। दस्तावेजों के बिना नहीं होगा सत्यापन अभ्यर्थियों को विशेष रूप से ध्यान रखना होगा कि वे डी.एल.एड. सीईटी–2026 प्रॉस्पेक्टस के पृष्ठ 13 और 14 पर उल्लिखित निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। काउंसलिंग में आते समय उम्मीदवारों को अपने साथ भरा हुआ बायोडाटा फॉर्म, मूल स्पोर्ट्स प्रमाण–पत्र, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र और श्रेणी/आरक्षण (यदि लागू हो) से जुड़े मूल दस्तावेज लाने होंगे। इसके साथ ही इन सभी दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां लाना भी अनिवार्य है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करने के उपरांत ही स्पोर्ट्स प्रमाण–पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। वेटेज अंकों के आधार पर बनेगी अंतिम मेरिट इस पूरी सत्यापन प्रक्रिया के संपन्न होने के बाद, स्पोर्ट्स श्रेणी के लिए निर्धारित वेटेज अंकों को जोड़कर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी। इसी अंतिम मेरिट के आधार पर शैक्षणिक सत्र 2026–28 के लिए प्रवेश प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। पारदर्शिता और निष्पक्षता पर जोर इस अवसर पर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सभी पात्र अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह युवाओं के लिए खेलों में अपने शानदार प्रदर्शन के साथ–साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने का एक बेहद महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी अभ्यर्थी अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सफलता के साथ कदम बढ़ाएंगे। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड पूरी प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और केवल मेरिट के आधार पर संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

Apka Faisla:02-08-2026

# डीएलएड में प्रवेश के लिए खिलाड़ियों के सर्टिफिकेट का सत्यापन 5 व 6 को

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार युवाओं के लिए शिक्षक बनने का सुनहरा मार्ग प्रशस्त हो गया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा डीएलएड सीईटी-2026 के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी के 85 पात्र अभ्यर्थियो के दस्तावेजो और खेल प्रमाणपत्रों का सत्यापन 5 एवं 6 अगस्त को किया जाएगा। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि ये काउंसलिंग प्रक्रिया धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित की जाएगी।

Dainik Jagran: 02-08-2026

# डीएलएड के लिए प्रमाणपत्रों का सत्यापन पांच से


**धर्मशाला** : प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से डीएलएड में प्रवेश के लिए खेल श्रेणी के 85 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों व खेल प्रमाणपत्रों का सत्यापन पांच व छह अगस्त को किया जाएगा। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि काउंसिलिंग धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में सुबह 10:30 बजे से होगी। अभ्यर्थियों को अपने साथ बायोडाटा फार्म, मूल स्पोर्ट्स प्रमाणपत्र, शैक्षणिक प्रमाणपत्र और श्रेणी/आरक्षण (यदि लागू हो) से जुड़े मूल दस्तावेज लाने होंगे। निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद ही स्पोर्ट्स प्रमाणपत्रों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद खेल श्रेणी के लिए निर्धारित वेटेज अंकों को जोड़कर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी। इसके आधार पर शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए प्रवेश प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। (संस)

AUGUST 2, 2026 SUNDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times

# HPBOSE OPENS FAST TRACK TO TEACHING FOR 85 NATIONAL AND STATE SPORTS STARS

*Sunny Mahajan | Dharamshala*



Eighty-five elite athletes in Himachal Pradesh are preparing to swap the sports ground for the classroom as they take a major step toward becoming certified teachers. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has scheduled the document and sports certificate verification for 85 eligible candidates under the Distinguished Sports Persons category for the Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) CET 2026 on August 5 and 6.

Counseling will kick off at 10:30 AM at the board's headquarters in Dharamshala. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that a detailed, roll-number-wise schedule has already been published in an official notification, urging all shortlisted candidates to arrive strictly on time to ensure a seamless verification process. Candidates must comply with the guidelines outlined on pages 13 and 14 of the D.El.Ed. CET 2026 prospectus. Verification requires candidates to present a completed bio-data form alongside original sports certificates, academic transcripts, and applicable reservation documents, accompanied by attested photocopies. The board made it clear that sports achievements will only be validated once all prerequisite paperwork is submitted in full.

Following the verification round, weightage points for athletic achievements will be factored into the scores to finalize the ultimate merit list for the 2026–28 academic session. Extending his best wishes to the aspiring educators, Dr. Sharma emphasized that this initiative offers sports talent a powerful dual career path, assuring that the entire admission process will remain transparent, fair, and strictly merit-driven.